Regarding need to construct RoB on NH-322 in Samastipur district in Bihar as a four lane bridge- laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** मैं सरकार का ध्यान बिहार के समस्तीपुर जिले में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-322 (NH-322) पर व्याप्त गंभीर यातायात समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। इस राजमार्ग के किलोमीटर 67 पर स्थित पुराना रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) केवल टू-लेन (Two-lane) है, जबकि इसके जुड़ने वाली दोनों ओर की सड़कें फोर-लेन (Four-lane) हैं ।यह हाजीपुर और दरभंगा को जोड़ने वाला सबसे कम दूरी का और अत्यंत व्यस्त मार्ग है ।इस स्थान पर घनी आबादी और बाजार होने के कारण, तथा भारी वाहनों के आवागमन से यहाँ हमेशा भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है,जिससे आम जनता त्रस्त है ।विदित हो कि बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने अपने पत्र (दिनांक 24.03.2025) के माध्यम से इस पुराने पुल के समानांतर एक नए फोर-लेन आरओबी के निर्माण के अध्ययन के लिए डीपीआर कंसल्टेंट (DPR Consultant) नियुक्त करने की अनुमति मांगी है । मेरा माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि जनहित को देखते हुए, NH-322 के 67 वें किलोमीटर पर अतिरिक्त फोर-लेन आरओबी के निर्माण हेतु डीपीआर कंसल्टेंट की नियुक्ति को तत्काल मंजूरी प्रदान करने की कृपा करें, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग को जाम से मुक्ति मिल सके ।